समाचार

# राजस्व वसूली हेतु वार्डो में लगेंगे शिविर

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आदेश जारी कर वार्डो में राजस्व वसूली शिविरों के संचालन के दिए निर्देश)



कोरबा 26 जून 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रथम चरण 28 जून से 15 जुलाई तक तथा दूसरे चरण में 19 जुलाई से 04 अगस्त तक वार्डो में राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने तत्संबंध में आदेश जारी कर निर्धारित कार्ययोजना अनुसार वार्डो में शिविरों के आयोजन कोविड–19 प्रोटोकाल नियमों के तहत किए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होने करदाताओं से भी आग्रह किया है कि वे शिविरों में पहुंचकर बकाया करों का भुगतान करें।

आयुक्त श्री शर्मा ने करदाताओं से कहा है कि वे निगम को देय सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर व 05 प्रतिशत जलकर, एवं दुकान एवं मकान किराया, जलकर आदि की राशि वार्ड में लगे वसूली शिविरों में पहुंचकर जमा करा दें। उन्होने कहा है कि निगम को देय करों का भुगतान किए जाने का उत्तरदायित्व करदाता के स्वयं का है, अतः वे अपना कर स्वविवरणी भरकर आवश्यक रूप से जमा कराएं। उन्होने कहा है कि निर्धारित समयसीमा में स्वेच्छा से बकाया सहित सम्पूर्ण राशि जमा करने पर करदाता को वर्तमान सत्र की सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छुट प्रदान की जाएगी, अतः वे इसका लाभ लें। उन्होने कहा है कि नए भवन मकान एवं अन्य सम्पत्तियॉ जिनमें सम्पत्ति का स्वनिर्धारण अभी तक नहीं किया गया है, वे स्वविवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में राशि शीघ्र जमा कराएं तथा अर्थदण्ड से बचें।

**28 जून से वार्डो में राजस्व वसूली शिविर–** निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **28 जून को** वार्ड क्र. 01 दलिया गोदाम रामसागरपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन,वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 63 बांकी बस्ती स्कूल के पीछे राजस्व वसूली शिविर लगेंगे। इसी प्रकार **29 जून को** वार्ड क्र. 01 दुर्गा चौक पटेलपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन,वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 43 जयभगवान गली दर्री, वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 63 मड़वाढोडा सामुदायिक भवन में राजस्व वसूली शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार **30 जून**

**को** वार्ड क्र. 04 ब्राम्हण मोहल्ला, वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क्र. 18 गणेश पण्डाल पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 44 प्रेमनगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई एवं वार्ड क्र. 63 बांकी बस्ती सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। इसी प्रकार **01 जुलाई को** वार्ड क्र. 04 प्रताप चौक, वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम. पी.नगर, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 56 शांतिनगर बाजार के पास एवं वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगेंगे। इसी प्रकार **02 जुलाई को** वार्ड क्र. 05 सिंधी गुरूद्वारा, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 36 बरगद चौक सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी उरांव मोहल्ला, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगेंगे। **03 जुलाई को** वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती भण्डारी चौक, वार्ड क्र. 13 टी. पी.नगर जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 36 सामुदायिक भवन इंदिरा मार्केट, वार्ड क्र. 46 पावरसिटी रोड अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 58 इमलीछापर चौक, वार्ड क्र. 64 घुडदेवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगाए जाएंगे। **05 जुलाई का** वार्ड क्र. 07 गोकुलगंज सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 14 सार्वजनिक मंच पम्प हाउस, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 37 गणेशनगर, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली चौक के समीप बस्ती, वार्ड क्र. 59 वैशालीनगर, एवं वार्ड क्र. 65 अग्रसेन भवन बांकी मेन रोड में शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार क्रमशः निर्धारित तिथियों में अन्य वार्डो में भी राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)